# TERM-1_EXAMINATION 2026-27

HINDI (085) (SET – 1)

Class: VIII | Max. Marks: 80
Date : 02.09.2026 | Time: 3.00 Hour
Admission No: | Roll No:

सामान्य निर्देश:-
1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 15 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमांक प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप-

| | |
|---|---|
| भाग 'क' : अपठित गद्यांश | 14 अङ्क |
| भाग 'ख' : व्यावहारिक व्याकरण | 16 अङ्क |
| भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक | 25 अङ्क |
| भाग 'घ' : लेखन | 25 अङ्क |

---

## भाग 'क' : अपठित गद्यांश (14 अङ्क)

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (अंक 7)

एक जमाना था । जब मोहल्लेदारी पारिवारिक आत्मीयता से भरी होती थी। सब मिलजुल कर रहते थे ।हारी - बीमारी, खुशी -गम सब में लोग एक दूसरे के साथ थे ।किसी का किसी से कुछ छुपा नहीं था। आज के लोगों को शायद लगे कि लोगों की अपनी प्राइवेसी क्या रही होगी ,लेकिन इस प्राइवेसी के नाम पर ही तो हम एक दूसरे से कटते रहे और कटते- कटते ऐसे अलग हुए की अकेले पड़ गए। पहले अलग चूल्हे चौके हुए ,फिर अलग मकान लेकर लोग रहने लगे, निजी स्वतंत्रता को अपनी नई परिभाषा देकर यह एकाकीपन हमने स्वयं अपनाया है ।मोहल्ले में आपस में चाहे जितनी चखचख हो ,यह थोड़े ही संभव था कि बाहर का कोई आकर किसी को कड़वी बात कह जाए! पूरा मोहल्ला टिड्डी दल की तरह उमड़ पड़ता था।

देखते देखते जमाना हवा हो गया ।मोहल्लेदारी टूटने लगी ,आबादी बढ़ी,महँगाई बढी पर सबसे ज्यादा जो चीज दुर्लभ हो गई वह थी आपसी लगाव ,अपनापन ।लोगों की आँखो का शील मर गया ।देखते-देखते कैसा रंग बदला है ।लोग अपने आप में सिमट कर पैसे के पीछे भागे जा रहे हैं ।सारे नाते रिश्तो को उन्होंने ताक पर रख दिया है। तब फिर पड़ोसी से उन्हें क्या लेना देना है। यह नीरस महानगरीय सभ्यता महानगरों से चलकर कस्बों और देहातों तक को अपनी चपेट में ले चुकी है ।मकानों में रहने वाले एक दूसरे को नहीं जानते ।इन जगहों में आदमी का अस्तित्व समाप्त हो गया है। यदि आपके फ्लैट नंबर मालूम नहीं है ,तो उसी बिल्डिंग में जाकर भी वांछित व्यक्ति को नहीं ढूँढ़ पाएँगे। ऐसी जगहों में किसी प्रकार के संबंधों की अपेक्षा ही कहाँ की जा सकती है।

(1) प्राइवेसी से क्या तात्पर्य है?

(क) निजता (ख) आत्मीयता
(ग) मेलजोल (घ) भाईचारा

(2) मोहल्लेदारी के बारे में क्या सच नहीं है?

(क) आपस में मुलजुल कर रहना

(ख) सुख दुख में साथ देना

(ग) अपनी बात किसी से गुप्त ना रखना

(घ) मकान में रहने वाले एक दूसरे को नहीं जानते

(3) निम्नलिखित कथन ए तथा कारण आर को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए -

कथन A मोहल्लेदारी पारिवारिक आत्मीयता का केंद्र बिंदु रहा है।

कारण R एकाकीपन और मोहल्लेदारी एक दूसरे के पूरक है।

(क) कथन A तथा कारण R दोनों गलत है ।

(ख) कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है।

(ग) कथन A सही है लेकिन कारण R उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन A तथा कारण R दोनों सही है तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।

(4) देखते ही देखते कौन सी चीज दुर्लभ हो गई?

(5) जमाने के बदलते रंग को लेखक ने किस प्रकार स्पष्ट किया है?

प्रश्न 2 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए - (अंक 7)

किसान को अन्नदाता कहा जाता है। स्वयं भूखा रह कर भी वह दूसरों का पेट भरने के लिए अन्न उपजाता है भले ही कभी उसे फल नसीब ना हुए हो परंतु लोगों के लिए वह एक से बढ़कर एक फल उगाता है ।भाग्य की विडंबना ही है कि वह और उसके बच्चे भूखों मरते हैं ।हर छोटे बड़े काम के लिए उसे दूसरों का मुँह देखना पड़ता है ।इलाज कराने से लेकर मरने जीने के सभी कार्य बस उधार के पैसों से होते हैं ।खराब मौसम तो मानो किसानों पर कहर बनकर ही टूटा है ।खराब मौसम अतिवृष्टि और ओलावृष्टि उसकी फसलों के साथ ही साथ उसके भविष्य को भी डुबो देते हैं ।आए दिन किसानों की आत्महत्या करने की सूचनाऐं समाचारों में या अखबारों में मिलती है। आखिर वह इतना मजबूर क्यों है? क्या उसकी चिंता करने के लिए समस्त भारत वर्ष में कोई नहीं? कोई उसे दिलासा क्यों नहीं देता? उसके आँसू क्यों नहीं पोछता?क्यों उसकी निराशा उसे जीवन लीला का अंत करने की ओर धकेल देती है? क्या समाज ने उसके प्रति अपनी आंखें मूंद रखी है अथवा कानून की भांति उसे भी सबूत चाहिए जो यह बताएं कि खराब मौसम और प्राकृतिक आपदा ने उसकी मेहनत और सपनों पर मिट्टी डाल दी है। इसी कारण उसके सामने दो ही विकल्प होते हैं या तो वह जिंदा रहकर तिल तिल मरे अथवा जीवन की कैद से आजाद हो जाए।

(1) किसान के अधिकांश काम कि पैसे से होते हैं?

(क) बचत किए गए पैसों से (ख) उधार के पैसों से

(ग) बैंक में रखे गए पैसों से (घ) दान के पैसों से

(2) किसानों पर कहर बनकर क्या टूटता है?

(क) पानी की कमी (ख) बीजों का अभाव

(ग) खराब मौसम (घ) धन का अभाव

(3) आए दिन किस तरह की सूचना समाचारों में मिलती है?

(क) किसानों की आत्महत्या की　　(ख) खराब मौसम की

(ग) खेती की समस्या की　　(घ) किसानों के भविष्य की

(4) किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर क्यों होता है?

(5) किसान को क्या कहा जाता है और क्यों?

भाग 'ख' : व्याकरण (16 अङ्क)

प्रश्न 3 संज्ञा सर्वनाम पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (अंक 2)

(1) मेरा गाँव सुंदर है।( रेखांकित संज्ञा का भेद बताइए)

(2) बाहर कोई खड़ा है।(सर्वनाम चुनकर उसका भेद लिखिए)

प्रश्न 4 विशेषण तथा क्रिया पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (अंक 3)

(1) विशेष्य किसे कहते हैं?

(2) अधिक का उत्तमावस्था लिखिए।

(3) हँसना का प्रेरणार्थक क्रिया बनाइए।

प्रश्न 5 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (अंक 11)

(1) नर +इंद्र ( संधि कीजिए)

(2) देवालय ( संधि विच्छेद कीजिए)

(3) महोदय का लिंग बदलकर लिखिए।

(4) डिबिया का लिंग बदलकर लिखिए।

(5) लड़की गुड़ियाँ से खेल रही हैं। (वचन बदलकर लिखिए)

(6) दरवाज़ा का लिंग बदलिए।

(7) रेखा की आँखों से पानी निकलता है।(रेखांकित का कारक भेद लिखिए )

(8) पेड़ पर तोता बैठा है।(कारक खोज कर भेद लिखिए)

(9) मोहन ने ब्रश से रंग भरा।(कारक खोज कर भेद लिखिए)

(10) मानव कानून से न्याय की अपेक्षा करता है। (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखिए)

(11) विद्यालय का बागीचा बहुत सुन्दर है। (रेखांकित शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए)

भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक (25 अङ्क)

प्रश्न 6 पठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए - (अंक 5)

इसी बीच में विकी और दिव्या बच्चों के चेहरे देख रहे थे। इनमें से अधिकतर 8 से 12 साल के थे वह डरे हुए लग रहे थे हालांकि कुछ उन्हें देखकर जेप-जप मुस्कुराए भी उन्हें काम बंद किया देखकर मलिक उन पर जोर से चिल्लाया अपना काम चालू रखो समय बर्बाद मत करो बच्चे उनकाटने और बनने में फिर जुड़ गए केवल एक पतला सावला और लगभग 10 वर्ष की आयु का बालक उन्हें बराबर देखे जा रहा था दिव्या उसके पास गई अजीज उसने आशा भरी आवाज से पूछा बच्चों ने झिझक कर सिर हिलाया और चौक कर उसे देखने लगा तुम हमें नहीं जानते तुम्हारे सपने नहीं तो हमें यहां बुलाया है बच्चों के मुख पर एक हल्की सी मुस्कान तैर गई तुम आ गए सच में आ गए उसे अपनी आँखों पर विश्वास नहीं हो रहा था उसे बच्चों से बात करते देखा श्रीमती मेहरा उनके पास आई।

(1) बच्चों का चेहरा कौन देख रहा था?

(क) श्रीमती मेहरा (ख) मलिक

(ग) दिव्या और विकी (घ) कोई नहीं

(2) बच्चे अधिकतर कितने साल के थे?

(क) 5 से 6 साल (ख) 10 से 12 साल

(ग) 8 से 12 साल (घ) 14 से 16 साल

(3) बच्चों को काम बंद के देखकर उन पर कौन चिल्लाया?

(क) दिव्या (ख) विकी

(ग) मालिक (घ) मेहरा

(4) अज़ीज़ की आयु कितनी थी?

(क) दस वर्ष (ख) बारह वर्ष

(ग) तेरह वर्ष (घ) आठ वर्ष

(5) जादुई कालीन इस पाठ के रचयिता का नाम क्या है?

(क) तिथि तवोरा (ख) सुदर्शन

(ग) महादेवी वर्मा (घ) प्रेमचन्द

प्रश्न 7 निम्नलिखित प्रश्नों में से 20 से 25 शब्दों में किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (अंक 6)

(1) स्त्रियों को सैनिक वेश में देखकर सम्राट अशोक ने क्या प्रतिज्ञा ली?

(2) मेजर डगलस कौन थे? अंग्रेज ने डगलस के बारे में क्या किस्सा सुनाया?

(3) अमीरचंद और फकीरचंद की विचारधारा में क्या अंतर था?

(4) पद्मावती ने अपना परिचय देते हुए अशोक से क्या कहा?

प्रश्न 8 पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का सही विकल्प चुनकर लिखिए - (अंक 5)

वस्त्र बदलकर आने वालों
चाल बदलकर जाने वालों।
चंद खिलौनों के खोने से बचपन नहीं मरा करता है।
लाखों बार गागरियाँ फूटी
शिकन न आई पर पनघट पर,
लाखों बार कश्तियाँ डूबी
चहल पहल वैसी ही है तट पर
तम की उमर बढ़ाने वालों
लौ की आयु घटाने वालों! लाख करे पतझड़ कोशिश पर
उपवन नहीं मरा करता है।

(1) "चंद खिलौनों के खोने से बचपन नहीं मरा करता है" का क्या अर्थ है?

(क) बचपन में खिलौनों का कोई महत्व नहीं होता।
(ख) थोड़े-से नुकसान से जीवन की खुशियाँ समाप्त नहीं होतीं।
(ग) बचपन हमेशा दुखी रहता है।
(घ) खिलौने कभी खोते नहीं हैं।

(2) "लाखों बार गागरियाँ फूटी, शिकन न आई पर पनघट पर" से क्या संदेश मिलता है?

(क) पनघट पर कोई नहीं आता।
(ख) कठिनाइयों के बाद भी जीवन चलता रहता है।
(ग) गागरियाँ बहुत मजबूत होती हैं।
(घ) पनघट हमेशा सूखा रहता है।

(3) कवि "तम की उम्र बढ़ाने वालों" कहकर किसकी ओर संकेत करता है?

(क) अंधकार और निराशा फैलाने वालों की ओर।
(ख) दीपक बनाने वालों की ओर।
(ग) प्रकृति प्रेमियों की ओर।
(घ) नाविकों की ओर।

(4) "लाख करे पतझड़ कोशिश पर उपवन नहीं मरा करता है" का आशय क्या है?

(क) पतझड़ कभी नहीं आता।
(ख) बगीचा हमेशा हरा-भरा रहता है।
(ग) विपरीत परिस्थितियाँ जीवन की आशा और प्रगति को समाप्त नहीं कर सकतीं।
(घ) उपवन में केवल फूल ही होते हैं।

(5) प्रस्तुत पद्यांश का मुख्य संदेश क्या है?

(क) जीवन में निराश होकर हार मान लेनी चाहिए।
(ख) कठिनाइयों के बावजूद आशा और साहस बनाए रखना चाहिए।
(ग) केवल बचपन का आनंद लेना चाहिए।
(घ) वस्त्र बदलने से जीवन बदल जाता है।

प्रश्न 9 निम्न में से किन्ही 3 प्रश्नों के उत्तर 20 से 25 शब्दों में लिखिए - (अंक 6)

(1) शांति दूत बनने के लिए क्या करना होगा?

(2) मानव का कल्याण इस कविता में कवि ने अहंकार को छोड़ने के लिए क्यों कहा है?

(3) रिमझिम बूँदों के स्वर सुनकर कवि पर क्या असर होता है?

(4) सावन के महीने में आपके आस पास के वातावरण में क्या क्या परिवर्तन होते है?

प्रश्न 10 निम्न प्रश्नों में से किन्हीं 1 प्रश्न का उत्तर 30 से 35 शब्दों में लिखिए - (अंक 3)

(1) वाहन चलाते समय सड़क के नियमों का पालन करना क्यों आवश्यक है?

(2) आपको कौन सा मौसम ज्यादा पसंद है और क्यों?

भाग 'घ' : लेखन (25 अङ्क)

प्रश्न 11 निम्न में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (अंक 5)

(1) व्यायाम का महत्त्व

संकेत बिंदु -
- व्यायाम के प्रकार
- आलस दूर करना
- उत्तम स्वास्थ्य के लिए आवश्यक

(2) सच्चा मित्र

संकेत बिंदु -
- जीवन में महत्व
- अच्छे मित्र की पहचान
- उपसंहार

(3) जल ही जीवन है

संकेत बिंदु -
- पानी का दुरुपयोग
- पानी का अभाव
- पानी का बचाव
- उपसंहार

प्रश्न 12 निम्न में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए - (अंक 5)

अपनी भूल के लिए क्षमा याचना करते हुए पिताजी को पत्र लिखिए।

अथवा

प्रधानाचार्य को पिकनिक पर जाने की अनुमति के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

प्रश्न 13 निम्न में से किसी एक विषय पर 40 से 50 शब्दों में सूचना लिखिए - (अंक 5)

(1) अपने विद्यालय में होने वाली आशुभाषण प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य की ओर से सूचना लिखिए।

अथवा

(2) प्रधानाचार्य की ओर से चित्रकला प्रदर्शनी की जानकारी देते हुए सूचना लिखिए

प्रश्न 14 निम्न में से किसी एक विषय पर 30 से 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए - (अंक 5)

(1) मनपसंद साइकिल का विज्ञापन तैयार कीजिए।

(2) स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा योग दिवस के प्रचार प्रसार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न 15 निम्न चित्र को देखकर 40 से 50 शब्दों में चित्र वर्णन कीजिए - (अंक 5)



======================== समाप्त ==========================